कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा
UTTARAKHAND
E-mail-eecdalmorapwd@rediffmail.com
Ph. No.- 05962-230091

पत्रांक 64 /3सी (व.भू)

दिनांक 10 /01/2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा
वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

विषयः– चितई पन्त तिराहे से हरिदत्त पेटशाली रा0इ0का0 मोटर मार्ग का निर्माण। (प्रस्ताव सं0 9220/2015)।

संदर्भः– आपका पत्रांक–मैमो/12–01 दि0 04.10.2019।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा विषयगत भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में नोडल अधिकारी, देहरादून द्वारा बिन्दु सं0 1 से 5 तक आपत्ति लगायी गयी है। आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्नवत् है–

**आपत्ति बिन्दु सं0 1** के प्रतिउत्तर में प्रस्तावित मोटर मार्ग का Start and End Point डिजिटल SOI Toposheet map तथा Shape Kml File में सही कर उपलोड कर दिया गया है। प्रस्तावित मोटर मार्ग का पूर्व में डिजिटल मैप 100मी0 में को–ऑर्डिनेट दिखाये गये थे, जिसमें 69 को–ऑर्डिनेट दर्शाये गये थे। वर्तमान में जो डिजीटल मैप में 28 को–ऑर्डिनेट दर्शाये गये है, वह 200मी0 दूरी पर लिये गये हैं। जिस कारण मैपों में भिन्नता हो गयी। पुनः 69 को–ऑर्डिनेट दर्शाये गये मैप को आनलाईन किया गया है। जिसकी kml file की shape समान कर आनलाईन कर दिया गया है एवं हार्ड कापी संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

**आपत्ति बिन्दु सं0 2** के प्रतिउत्तर में ग्रामों एवं उल्लेखित कालेज की स्थिति Kml File में दर्शाकर पार्ट I के C (ii) (b) पर अपलोड कर दिया गया है।

**आपत्ति बिन्दु सं0 3** के प्रतिउत्तर में डिजीटल मानचित्र में क्र0सं0 61 से 50 तक के वैकल्पिक समरेखन का प्रस्तावक विभाग व वन विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान स्थल पर प्रस्तावित समरेखन से वैकल्पिक समरेखन में अत्यधिक मात्रा में वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं एवं मोटर मार्ग की लम्बाई भी अधिक हो रही है, जिसका प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। अतः प्रस्तावित समरेखन का ही चयन किया गयां।

**आपत्ति बिन्दु सं0 4** के प्रतिउत्तर में प्रस्ताव के औचित्य की मूल प्रति इस कार्यालय के पत्रांक–1896/3सी0 व0भू0 दि0 11.09.2019 द्वारा नोडल अधिकारी देहरादून को प्रेषित कर दी गयी थी। पुनः प्रति संलग्न की जा रही है। अनुरोध है कि कृपया प्रस्ताव की मूल प्रति अपने स्तर से प्रमाणित कराकर अग्रसारित करने की कृपा करें।

**आपत्ति बिन्दु सं0 5** के प्रतिउत्तर में वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की मूल प्रति सहित तीन छायाप्रतियाँ प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा के पत्रांक–3008/12–1 (2) दि0 16.11.2019 द्वारा नोडल अधिकारी, देहरादून को प्रेषित कर दी गयी है।

**संलग्न–उपरोक्तनुसार।**

09/1/2020

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0विभाग, अल्मोड़ा